# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

सोमवार

11 ,मई , 2026






वर्ष 2, अंक 97 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com


## नूरसराय में श्रवण कुमार का ऐतिहासिक स्वागत, फूलों की बारिश से गूंजा पूरा इलाका



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार सरकार में पुनः ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री बनने के बाद श्रवण कुमार का नूरसराय में एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में हजारों की भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। चौहान मोड़ से शुरू हुआ स्वागत जुलूस नूरसराय बाजार होते हुए अंधना मोड़ तक पहुंचा। इस दौरान दर्जनों घोड़े, कई जेसीबी मशीनों से करीब तीन क्विंटल फूलों की बारिश, आतिशबाजी और नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। कार्यकर्ता "नीतीश-निशांत जिंदाबाद" और "श्रवण कुमार जिंदाबाद" के नारे लगा रहे थे।

मंत्री श्रवण कुमार ने नूरसराय हिलसा मोड़ से अंधना मोड़ तक पैदल चलकर जनता और कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। उनके साथ नालंदा सांसद कौशलेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। महिला कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त जोश और जुनून देखने को मिला।इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नालंदा और नूरसराय की जनता का वे जीवनभर आभार मानेंगे। जनता ने उन्हें आठ बार विधायक और मंत्री बनने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा, "जब तक मेरे शरीर में खून काएक-एक कतरा रहेगा, मैं बिहारवासियों और जनता की सेवा करता रहूंगा। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा समर्पित भाव से कार्य करता आया हूं और आगे भी करता रहूंगा।" उनके इस बयान पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार तालियां बजाकर समर्थन जताया।

कार्यक्रम में जदयू के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र मुकुट, जदयू नेता एवं कार्यक्रम संयोजक नवीन कुमार निश्चल, प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, बीडीओ जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, समाजसेवी बबलू कुमार, भूषण कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं पपरनौसा पंचायत के मुखिया अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया, वसीका नवीस संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण कुशवाहा, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, जदयू नेता डॉ. सुनिक दत्त, जदयू नेता शैलेन्द्र गराई, राकेश कुमार, अविनाश कुमार उर्फ सिक्कू मुखिया, कृष्ण प्रसाद रवि राम, उपेंद्र सिंह, दीपक पासवान, जयंत यादव, भूषण कुमार, रजनीश कुमार, रणधीर मुखिया, गब्बर सिंह, धीरज कुमार, पप्पू, बंटू कुमार, जदयू युवा नेता शुभम कुमार, प्रशांत कुमार, विकास कुमार और सनी पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

पूरे कार्यक्रम के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर रहा और लोगों ने मंत्री श्रवण कुमार के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। नूरसराय में हुए इस भव्य स्वागत समारोह को क्षेत्र के सबसे बड़े राजनीतिक आयोजनों में से एक माना जा रहा



## चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी गिरफ्तार



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर गांव में पुलिस ने साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सगे भाइयों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर ठग ऑनलाइन माध्यम से लोगों को चारधाम यात्रा एवं अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा कराने का झांसा देकर ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड तथा साइबर ठगी से जुड़े डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि सुन्दरपुर गांव में कुछ युवक गिरोह बनाकर ऑनलाइन ठगी का धंधा चला रहे हैं। सूचना में बताया गया कि "हिमालयन हेली सर्विस" के नाम से लोगों को चारधाम, ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों की यात्रा हेलीकॉप्टर, ट्रेन और बस से कराने का प्रलोभन दिया जाता था। आरोपित सोशल मीडिया और मोबाइल कॉल के माध्यम से लोगों से संपर्क कर टिकट बुकिंग के नाम पर पहले 30 प्रतिशत अग्रिम राशि लेते थे। बाद में फर्जी टिकट एवं बुकिंग रसीद भेजकर शेष रकम भी वसूल लेते थे।

एसपी भरत सोनी के निर्देश पर राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर अंकित कुमार, अमन कुमार, बॉबी कुमार और सूरज कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने छह एंड्रॉयड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, कई सिम कार्ड और डिजिटल दस्तावेज जब्त किए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

## मां के सम्मान में झूमे बच्चे, एस बी डैफोडिल स्कूल का कार्यक्रम बना आकर्षण





संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। स्थानीय विकास नगर स्थित एस बी डैफोडिल किड्स प्ले स्कूल, सोहन कुआं में रविवार को मदर्स डे हर्षोल्लास, प्रेम और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने गीत, नृत्य और कविता पाठ के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यालय द्वारा माताओं के लिए मनोरंजक खेल एवं गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालय के सचिव डॉ. रविचंद कुमार तथा प्राचार्य प्रीतम भास्कर ने कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं और उनके संस्कारों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में माताओं को सम्मानित कर उपहार एवं मिठाइयों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य रेवत खवास, सभ्यता चामलिंग, रश्मि रानी, विद्या नंदन सिन्हा, प्रियदर्शिनी रानी, रेणु सोनी, सदफ नेयाज, अवधेश कुमार, श्यामा परवीन, ज्योति कुमारी, फलक आफरीन, अनामिका, नैना रस्तोगी, तलत आफरीन, दीपक कुमार, अजीत कुमार, प्रशांत कुमार, प्रकाश पटेल, अखिलेश कुमार, अजय कुमार दिवाकर, सुधांशु कुमार तथा नृत्य शिक्षिका सुरवी चामलिंग सहित सभी शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

# स्वास्थ्यकर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का किया ऐलान




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, नालंदा की सामान्य परिषद की बैठक रविवार को सदर अस्पताल स्थित जिला संघ कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नदीम ने की। उन्होंने बताया कि नियमित एवं संविदागत कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर राज्य कार्यकारिणी के निर्णयानुसार 16 मई 2026 को बिहार के सभी सिविल सर्जनों के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा 21 मई से 26 मई तक कर्मी काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे तथा 1 जून 2026 को मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष राज्यस्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

जिला मंत्री संजय कुमार ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के बावजूद अब तक किसी भी राज्यस्तरीय संवर्ग को प्रोन्नति नहीं मिली है और न ही विभाग द्वारा वरीयता सूची तैयार की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना प्रोन्नति स्थानांतरण होने पर संघ कार्य बहिष्कार करेगा। सहायक जिला मंत्री मीना कुमारी एवं संयुक्त मंत्री नीलम कुमारी ने महिला कर्मियों की समस्याओं को उठाते हुए मातृत्व अवकाश, उपार्जित अवकाश, एमएसीपी और पेंशन भुगतान में हो रही कठिनाइयों पर नाराजगी जताई।उपाध्यक्ष राजीव रंजन, संघर्ष अध्यक्ष गंगासागर एवं संघर्ष मंत्री रितेश कुमार ने संविदाकर्मी, अरबन एएनएम और आउटसोर्सिंग कर्मियों को न्यूनतम 26 हजार रुपये मानदेय, ईएसआई और ईपीएफ का लाभ देने की मांग की। बैठक को वीरेंद्र कुमार चौधरी, कुमार अमित, राजेश कुमार, आदित्य कुमार, स्वेता कुमारी, सोनम कुमारी, सुधा कुमारी, अनीता कुमारी, अनुपमा कुमारी, सुगनी देवी, सिम्पी कुमारी, मीना, कंचन कुमारी और राजीव कुमार समेत कई कर्मियों ने संबोधित किया।

# 251 कलशों के साथ गूंजे जयकारे, अखंड कीर्तन से भक्तिमय हुआ नौबतपुर लोटन गांव



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ प्रखंड के नौबतपुर लोटन गांव में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां 251 कन्याओं एवं महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। पूरे गांव में "जय श्रीराम", "हरे कृष्णा हरे राम" और "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

जानकारी के अनुसार 9 मई को संत बाबा कुआं से जल भरकर कुमारी कन्याओं और महिलाओं ने सिर पर कलश रख पैदल यात्रा करते हुए नौबतपुर लोटन देवी स्थान पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कलश यात्रा में गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति गीतों के बीच पूरा क्षेत्र धार्मिक रंग में रंग गया।

इसके बाद 10 मई को देवी स्थान परिसर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुआ। कीर्तन के दौरान श्रद्धालु राम धुन पर झूमते और भक्ति में लीन नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान गांव में चूल्हा और धुआं बंद रखा गया तथा सभी ग्रामीण पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर पूर्व मुखिया मुन्ना सिंह ने बताया कि मानव कल्याण, सुख-शांति और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से इस धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि गांव के सभी लोगों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

11 मई को अखंड कीर्तन का भव्य समापन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को लेकर गांव में देर रात तक उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा।









# चार लाख की लागत से बनी पीसीसी सड़क, सांसद कौशलेंद्र ने विकास की गिनाईं उपलब्धियां



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। कौशलेंद्र कुमार ने रविवार को चंडी नगर पंचायत के वार्ड संख्या-02 स्थित जैतीपुर मोड़ के पास मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनांतर्गत निर्मित पीसीसी सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया। सांसद निधि से लगभग चार लाख रुपये की लागत से बनी यह सड़क आरडब्ल्यूडी रोड से आनंद मार्ग स्कूल तक बनाई गई है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में व्यापक विकास हुआ है। पहले जहां बच्चों को विद्यालय जानेमें कठिनाई होती थी, वहीं आज स्कूलों में पढ़ाई के लिए कमरों की कमी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि नालंदा जिला विकास के मामले में किसी से पीछे नहीं है।



सांसद ने कहा कि जैतीपुर मोड़ एवं आसपास के मोहल्लों में बरसात के दिनों में लोगों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब पीसीसी सड़क बनने से आवागमन सुगम हो गया है। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण के लिए सांसद के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह जिला पार्षद पिंकी कुमारी, समाजसेवी प्रेम कुमार सिन्हा, अजय सिंह राठौर, दीपक पासवान, ब्रजेश सिंह, देवेन्द्र प्रसाद, कृष्णनंदन प्रसाद, उमेश प्रसाद, अमरजीत कुमार एवं विट्टू कुंदन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पंद्रह दिनों से बंद नल-जल योजना, भीषण गर्मी में पानी को तरस रहे ग्रामीण



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के बढ़ौना पंचायत अंतर्गत श्री रामपुर खर्जमा वार्ड संख्या-2 में पिछले 15 दिनों से नल-जल योजना ठप रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोटर खराब होने के कारण वार्ड में जलापूर्ति पूरी तरह बंद है, जिससे सैकड़ों परिवार गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में लोग खेतों में लगे निजी मोटरों से पानी लाकर किसी तरह अपनी दैनिक जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

ग्रामीण महिलाओं सोनिया कुमारी, गीता देवी, कंचन देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी एवं गायत्री देवी ने बताया कि नल-जल योजना शुरू होने के बाद गांव के अधिकांश चापाकल बेकार हो चुके हैं। अब योजना बंद होने से महिलाओं और बच्चों को बाल्टी एवं गैलन लेकर दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। पानी की कमी से खाना बनाने, कपड़ा धोने और अन्य घरेलू कार्यों में भी परेशानी हो रही है।

ग्रामीण जगदीश राम, रामईश्वर राम, बलेश्वर प्रसाद, छोटे मांझी, बदरी राम, अशोक प्रसाद एवं पप्पू प्रसाद ने बताया कि कई बार वार्ड




सदस्य और विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो सड़क जाम और प्रखंड कार्यालय घेराव किया जाएगा।

इधर, मुखिया अशोक शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना पीएचईडी विभाग को दे दी गई है। वहीं बीडीओ राजदेव कुमार रजक ने 24 घंटे के भीतर मोटर दुरुस्त कराने का निर्देश दिया है।









# गोलीबारी मामले में एफआईआर दर्ज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार स्थित आदर्श नगर मोड़ पर शनिवार की शाम हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया था। रविवार की शाम एएसआई राधेश्याम यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित युवक समेत आसपास के दुकानदारों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली।

पुलिस के अनुसार हरनौत बाजार के बीच बाजार मोहल्ला निवासी सुरेश साव के पुत्र सूरज कुमार ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। केस के अनुसंधानकर्ता एएसआई राधेश्याम यादव ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरोंकी फुटेज खंगाली जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद की शुरुआत किसी व्यक्ति की गाड़ी छिनने को लेकर हुई थी। इसी बात को लेकर बहस बढ़ गई, जिसमें बीच बाजार निवासी सूरज कुमार भी शामिल था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि वेना थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव निवासी अंशु कुमार के साथ कहासुनी के दौरान अंशु ने अपने कुछ साथियों को हथियार के साथ बुला लिया। आरोप है कि इसमें रजनीश कुमार, सन्नी कुमार, मन्ना कुमार एवं गोलू कुमार समेत अन्य युवक शामिल थे। आरोप के अनुसार जान मारने की नीयत से फायरिंग की गई, जिसमें अंशु कुमार के हाथ में गोली लग गई। वहीं एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया।

इधर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि एक पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है और पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# हरनौत में चंद्रवंशी चेतना मंच की बैठक, युवाओं से राजनीति में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत बाजार स्थित पिलर संख्या-46 के पास एक निजी कोचिंग सेंटर में रविवार को चंद्रवंशी चेतना मंच द्वारा एक दिवसीय बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंच के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए वीरेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के कारण सभी समाजों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भीम सिंह के नेतृत्व में गांव-गांव तक विकास की धारा पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि चंद्रवंशी समाज के लोगों में सामाजिक जागरूकता तेजी से बढ़ रही है तथा गांवों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर समाज को संगठित किया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष ने युवाओं से राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज के अधिकार और सम्मान के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि चंद्रवंशी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और नई पीढ़ी को उसे आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए।

बैठक में जिला मंत्री राजकुमार चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष रामबरन सिंह चंद्रवंशी, मुन्ना राम, विपिन कुमार, नीलम कुमारी तथा सुनीता कुमारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज को मजबूत बनाने और युवाओं को जागरूक करने पर विशेष चर्चा की गई।






# भाजपा प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी तेज, कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेदारियां



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला इकाई की मासिक बैठक रविवार को मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की। बैठक में 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियां बांटी गईं।बैठक में प्रदेश स्तर से प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी के रूप में पहुंचे दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती एवं वैचारिक प्रशिक्षण को लेकर मार्गदर्शन दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप ने किया।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि भाजपा का यह प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम “मन की बात” का प्रसारण सुचारू रूप से सुना जाए तथा उसकी जानकारी सरल ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए।

बैठक में संगठनात्मक समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, सुधीर कुमार, साबो देवी, डा अशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ हिलसा में गूंजा किसान महासभा का प्रतिरोध मार्च





हिलसा (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय किसान महासभा के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ हिलसा में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व जिला सचिव मुनी लाल यादव एवं प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव ने किया। यह मार्च भाकपा माले कार्यालय से निकलकर काली स्थान, वरुण तल, सिनेमा मोड़ होते हुए जोगीपुर मोड़ पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई।

प्रतिरोध मार्च में शामिल किसानों ने केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील को वापस लेने, फसल खरीद के लिए मंडी व्यवस्था लागू करने, सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने तथा बाढ़ और सुखाड़ की स्थायी समस्या का समाधान करने की मांग उठाई।

सभा की अध्यक्षता किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने की। वक्ताओं ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान और खेती है, लेकिन आज भी किसानों को बाढ़, सुखाड़ और सिंचाई संकट से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने नालंदा जिले में लोकाइन नदी के दोनों किनारों पर पक्का तटबंध बनाने तथा जलवार और नोनाई नदी की सफाई कराने की मांग की।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि फसल खरीद के लिए मंडी व्यवस्था नहीं होने से किसानों को बिचौलियों के हाथों शोषण झेलना पड़ रहा है। इस दौरान विजय यादव, जनार्दन प्रसाद, दुलारचंद यादव, नवीन कुमार एवं उपेंद्र ठाकुर समेत कई किसानों ने अपने विचार रखे।






# 1978 से मलमास में सेवा देती आ रही है अस्थायी पटेल धर्मशाला : - मंत्री श्रवण कुमार



राजगीर (अपना नालंदा)। आगामी मलमास मेला को लेकर राजगीर में तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को धुर्वा मोड़ स्थित ममता होटल में अस्थायी पटेल धर्मशाला संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मलमास मेला के दौरान राजगीर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी पटेल धर्मशाला में रहने और खाने की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। यह धर्मशाला 17 मई से श्रद्धालुओं के लिए खोल दी जाएगी और इसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वर्ष 1978 से लगातार मलमास मेला में पटेल धर्मशाला श्रद्धालुओं की सेवा करती आ रही है। यहां हर धर्म और समाज के लोगों के लिए ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था की जाती रही है। उन्होंने कहा कि इस बार भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। धर्मशाला में पानी, भोजन, फोन सुविधा और पर्याप्त कमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में राजगीर और मलमास मेला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का कार्य किया। इसी कारण अब यहां लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। एनडीए सरकार भी मेले को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।बैठक में उपस्थित सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि धर्मशाला ऐसा आश्रय स्थल बने जहां हर वर्ग और हर समाज के लोग सम्मानपूर्वक ठहर सकें। उन्होंने कहा कि जिन श्रद्धालुओं को कहीं सहारा नहीं मिलता, उनके लिए पटेल धर्मशाला सबसे बड़ा सहारा साबित हो।

मंत्री ने धर्मशाला संचालन से जुड़े लोगों और समाजसेवियों से कमेटी बनाकर कार्य करने की अपील की। साथ ही राजगीर से हिसुआ तक होर्डिंग लगाने और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का सुझाव दिया ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को इसकी जानकारी मिल सके।

बैठक में समाजसेवी सह रोटेरियन रामकृष्णा प्रसाद, रोटेरियन डॉ. बिमलेन्द्र कुमार सिन्हा, जदयू नेता मुन्ना Kumar, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, मेयार पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार चंचूल, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुमार, अलेन्द्र कुमार सिन्हा, कुमार वेदनिधि, रामजी यादव, तारकेश्वर प्रसाद, अनिल कुमार शशि, देवेन्द्र कुशवाहा, अजीत कुमार वर्मा, किशोरी रविदास, कुमार बिरेन्द्र प्रियदर्शी, अरुण कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक मन्नु प्रसाद, मनोज कुमार, रामचन्द्र प्रसाद सिन्हा और विजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अभाविप बिहारशरीफ नगर इकाई का पुनर्गठन, छात्रहित और राष्ट्रनिर्माण का लिया संकल्प



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिहारशरीफ नगर इकाई के पुनर्गठन को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, छात्रहित से जुड़े मुद्दों, आगामी कार्यक्रमों तथा परिषद की भावी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से बिहारशरीफ नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया तथा विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए अभाविप नालंदा के विभाग प्रमुख डॉ अनुज सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रहित, राष्ट्रहित एवं शिक्षा के विकास के लिए कार्य करती रही है। परिषद छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत है और युवाओं में राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक चेतना विकसित करने का कार्य कर रही है।

जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। परिषद विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने सभीनवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं अधिक से अधिक छात्रों को परिषद से जोड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल मेहता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिषद के कार्यकर्ता समाज एवं राष्ट्रहित के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हैं। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति तथा विभाग छात्रा प्रमुख गुड़िया कुमारी भी उपस्थित रहीं।

नगर इकाई में सूर्यकांत वर्मा को नगर अध्यक्ष तथा अविनाश कुमार को नगर मंत्री बनाया गया। नगर सह मंत्री के रूप में विवेक कुमार, संग्राम कुमार, अनीषा कुमारी, बिट्टू कुमार एवं पीयूष राज को जिम्मेदारी दी गई।

वहीं नेहा कुमारी को नगर छात्रा प्रमुख तथा रौशनी कुमारी एवं ऋषिका कुमारी को सह छात्रा प्रमुख बनाया गया। मीडिया प्रमुख के रूप में राहुल उपाध्याय तथा सोशल मीडिया प्रमुख के रूप में लभ गोप को दायित्व सौंपा गया।इसके अलावा अभिजीत कुमार, अनमोल कुमार, ऋतिक कुमार, रोहित कुमार, शिवम कुमार, रजनीश कुमार, प्रिंस कुमार तथा विक्रम जैक को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं।कार्यक्रम में प्रिंस कुमार, हिमांशु कुमार, प्रियांशु कुमार, अंकित कुमार, आशीष कुमार, धीरज कुमार, रवि कुमार, आकाश कुमार एवं बिट्टू अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं परिषद कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और छात्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति का जज्बा





संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। 38 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा परिसर में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-5) के नौवें दिन विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन कैंप कमांडेंट एवं कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बाहरी के क्लोजिंग एड्रेस के साथ हुआ। दिन की शुरुआत नियमित प्रशिक्षण सत्र से हुई। इसके बाद पीआई स्टाफ द्वारा ड्रिल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कैडेट्स की अनुशासन, कमांड पालन क्षमता, परेड प्रस्तुति एवं नेतृत्व गुणों का मूल्यांकन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को "बेस्ट कैडेट" चुना गया।ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार मदन सिंह मेहता के नेतृत्व में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में देशभक्ति, भारतीय सेना, सामान्य ज्ञान एवं एनसीसी से जुड़े प्रश्न पूछे गए। कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र में सूबेदार विशाल पांडेय ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन बैंकिंग में सावधानी तथा ओटीपी और पासवर्ड साझा नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने अनजान लिंक एवं संदिग्ध संदेशों से बचने को कहा।

समापन समारोह में कर्नल राजेश बाहरी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सभी कैडेट्स को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके घर रवाना किया जाएगा। मौके पर सूबेदार मेजर ललिंद्र टिंगा, उमाशंकर राकेश, सूबेदार मान सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# पश्चिम बंगाल में हिंसा लोकतंत्र के लिए गंभीर चेतावनी

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर हिंसा, तनाव और राजनीतिक टकराव के दौर से गुजर रही है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राज्य में जिस प्रकार हिंसक घटनाएं सामने आई हैं, उसने लोकतांत्रिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच झड़पें, हत्या, आगजनी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता अब खतरनाक दिशा में बढ़ रही है।

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी चंद्रनाथ रथ की हत्या ने इस तनाव को और गहरा कर दिया है। भाजपा का आरोप है कि यह हत्या राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है, जबकि दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को खारिज कर रही है। चुनाव परिणामों के बाद दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच लगातार हो रही हिंसा आम लोगों के मन में भय और असुरक्षा पैदा कर रही है। लोकतंत्र में चुनाव जीत और हार सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन जब राजनीतिक दल इसे अहंकार और बदले की भावना से जोड़ देते हैं, तब हालात विस्फोटक बन जाते हैं।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा चुनाव परिणामों और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने से राजनीतिक माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। चुनाव आयोग के निर्देशों के बावजूद विजय जुलूसों और टकराव की घटनाएं यह साबित करती हैं कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं पर नेतृत्व का नियंत्रण कमजोरपड़ रहा है। ऐसे समय में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अपने समर्थकों से संयम और शांति बनाए रखने की अपील करें।

राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों को भी निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई करनी होगी। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाना जरूरी है, चाहे उनका संबंध किसी भी राजनीतिक दल से क्यों न हो

यदि कानून का भय समाप्त हो जाएगा, तो लोकतंत्र भी कमजोर पड़ जाएगा।

पश्चिम बंगाल का राजनीतिक इतिहास हिंसा और दबंग राजनीति से जुड़ा रहा है। कभी वामपंथी शासन के दौरान और बाद में तृणमूल कांग्रेस के दौर में भी ऐसे तत्व राजनीतिक संरक्षण में सक्रिय रहे। अब सत्ता परिवर्तन के बाद वही तत्व नए राजनीतिक ठिकाने तलाश रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा की ओर से यह कहा जा रहा है कि कुछ असामाजिक तत्व खुद को भाजपा समर्थक बताकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी को यहां तक कहना पड़ा कि जब तक भाजपा किसी व्यक्ति को औपचारिक सदस्यता न दे, तब तक वह खुद को भाजपा का कार्यकर्ता नहीं कह सकता।

आज जरूरत इस बात की है कि पश्चिम बंगाल हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकले। राज्य को विकास, रोजगार और सामाजिक शांति की दिशा में आगे बढ़ाना समय की मांग है। राजनीतिक दलों को समझना होगा कि हिंसा का सबसे बड़ा नुकसान आम जनता को उठाना पड़ता है। लोकतंत्र की असली ताकत शांति, सहिष्णुता और संवाद में है, न कि डर और टकराव में।

# मलमास मेला 2026 को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष जोर



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को आरआईसीसी राजगीर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता कुंदन कुमार एवं भारत सोनी ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ मेला की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

विदित हो कि राजगीर में आगामी मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक होगा। इस दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्मकुंड में स्नान एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आवासन की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, पेयजल, विद्युत, शौचालय, चेंजिंग रूम, हेल्प डेस्क, नियंत्रण कक्ष, हाई मास्ट लाइटिंग, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, अग्निशमन सुरक्षा, मोबाइल शौचालय एवं श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर बस और ई-रिक्शा सेवा उपलब्ध कराने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। शाही स्नान के दौरान प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, मेडिकल कैंप, स्ट्रेचर, चिकित्सक एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं खोए हुए लोगों को परिवार से मिलाने के लिए सूचना केंद्र बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के खानपान हेतु कैंटीन, दीदी की रसोई एवं सस्ती रोटी काउंटर की व्यवस्था भी की जा रही है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, ब्रह्मकुंड घाट, बस स्टैंड, वैतरणी घाट एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर 19 टेंट सिटी और जर्मन हैंगर बनाए जा रहे हैं, जहां आवासन, पेयजल, स्नानागार, सुरक्षा एवं महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

बैठक में कई विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हरनौत में नए मेडिकल स्टोर का शुभारंभ, दवाइयों पर मिलेगी विशेष छूट



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार स्थित सरकारी अस्पताल के सामने रविवार को एक नए निजी मेडिकल स्टोर का भव्य उद्घाटन किया गया। स्टोर का उद्घाटन डॉ. राजीव रंजन, डॉ. अनीता सिन्हा एवं सनी कुमार पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मेडिकल स्टोर के संचालक राहुल रंजन ने बताया कि इस स्टोर की सबसे बड़ी विशेषता ग्राहकों को मिलने वाली विशेष छूट है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के अन्य मेडिकल दुकानों की तुलना में यहां सभी दवाइयों पर एमआरपी से 0 से 15 प्रतिशत तक का डिस्काउंट दिया जाएगा। इसका उद्देश्य गरीब एवं मध्यम वर्गीय मरीजों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराना है, ताकि इलाज के दौरान उन पर आर्थिक बोझ कम हो सके।

उद्घाटन समारोह में चंद्रिका प्रसाद, शिव शंकर कुमार, कमलेश कुमार, पप्पू कुमार, लक्ष्मण सिंह एवं रविकांत कुमार शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में इस जनहितैषी पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उचित कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगी।

# मलमास मेला 2026 की तैयारी में जुटा वन विभाग, सुरक्षा व्यवस्था सख्त



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर में आयोजित होने वाले मलमास मेला 2026 को सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने को लेकर राजगीर जू सफारी परिसर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम तथा नालंदा वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम ने की। बैठक में वन विभाग, जू सफारी प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

समीक्षा बैठक में मलमास मेला के दौरान संभावित भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधन, फायर सेफ्टी एवं पर्यटक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने जू सफारी, नेचर सफारी, जेपी उद्यान, सोन भंडार, मनीयार मठ, जरासंध अखाड़ा, वेणुवन, घोड़ा कटोरा एवं विश्व शांति स्तूप जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।

गर्मी के मौसम को देखते हुए अग्नि सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा आपातकालीन राहत व्यवस्था को सक्रिय रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मेला अवधि में सुरक्षा कर्मियों की प्रभावी तैनाती एवं समन्वित कार्य प्रणाली सुनिश्चित की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वन्यजीव सुरक्षा एवं पर्यटक सुविधाओं के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मेला शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा की बैठक, प्रखंड विस्तार और सदस्यता अभियान पर बनी रणनीति



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा की बैठक पूर्व जिला सचिव दिवंगत आलोक कुमार के आवास गढ़पर, नारदीगंज रोड नवादा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी प्रखंडों में संघ का विस्तार करना तथा सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिक्षकों को संगठन से जोड़ना है। प्रखंड अध्यक्षों एवं सचिवों के साथ विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि 14 मई 2026 को पकरीबरावां, 16 मई को नरहट, 21 मई को अकबरपुर तथा 23 मई को गोविंदपुर प्रखंड में संघ का विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों को कूपन उपलब्ध करा दिए गए हैं। बैठक में संगठन को मजबूत करने, शिक्षकों की भागीदारी बढ़ाने और प्रखंड स्तर पर सक्रिय इकाइयों के गठन पर भी चर्चा हुई।

बैठक में जिला सचिव अजय कुमार, वरीय जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासवान, जिला अंकेक्षक संतोष कुमार, कौवाकोल प्रखंड सचिव प्रदीप कुमार निराला, कौवाकोल प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार, राज्य परिषद सदस्य अभय कुमार, गोविंदपुर प्रखंड सचिव श्रवण कुमार, राज्य परिषद सदस्य बबन कुमार, डॉ. योगेंद्र पासवान, प्रताप अशोक चक्रवर्ती, रमन राय, मेसकौर प्रखंड सचिव मो. इफतेखार आलम, विनोद कुमार, वीरेंद्र वीर, हिसुआ प्रखंड सचिव सनोज कुमार, नरहट प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, अकबरपुर प्रखंड सचिव सुबोध कुमार, मो. अजहरुद्दौला, मो. शहाबुद्दीन, मथुरा रविदास, मंजू कुमारी, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, मो. इरफान आलम, शंकर रविदास सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# पुलिस ने दो महिला चेन स्नेचर को किया गिरफ्तार, नकदी एवं जेवरात बरामद



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।दस दिनों पूर्व एक चेन स्नेचिंग की घटना में शामिल दो महिला चेन स्नेचरों को वारिसलीगंज पुलिस टीम ने नकदी एवं सोने के कई जेवरात समेत बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। दोनो महिला चेन स्नेचरों की गिरफ्तारी नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के मोहसीम से हुई है। इस बाबत रविवार को वारिसलीगंज थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर एवं थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि पहली मई 2026 को स्थानीय बाजार में नीलम देवी नामक महिला को ई रिक्शा चढ़ने के क्रम में कुछ महिलाओं ने उसके गले से सोने का चेन उड़ा लिया। पीड़ित महिला उसी दिन थाना पहुंचकर कांड संख्या 291/26 दर्ज करवा पुलिस से जेवरात बरामदगी की गुहार लगाई थी। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मानवीय इमपुट एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चेन स्नेचर गिरोह की पहचान किया। बाद में एसपी के निर्देश पर पकरीबरावां एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर नालंदा जिले के चंडी थाना के मोहसीमपुर गांव में छापेमारी किया। इस दौरान चेन स्नेचिंग गिरोह की दो महिला सदस्य गोरे उर्फ गोरख केवट की पत्नी अंजली देवी तथा नालंदा थाना क्षेत्र के ताजू बीघा मिल्की गांव निवासी स्व गरीबन केवट की पत्नी कविता देवी को गिरफ्तार किया गया। महिलाओं के पास वारिसलीगंज समेत अन्य स्थानों से लुटे गए जेवरात की बिक्री से प्राप्त राशि दो लाख 88 हज़ार पांच सौ रुपया नकदी सहित सोने का लाकेट 03 पीस, सोने का मांग टिका 01 पीस, नाक का नथुनी सोने का 01 पीस, सोने का कनवाली 01 जोड़ा बरामद किया गया है। गिरफ्तार महिलाओं के विरुद्ध नालंदा के चंडी थाना कांड संख्या 690/25 भी दर्ज है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष के अलावे पुसअनि पपु कुमार, परि.पुअनि. मनोज कुमार राय समेत पुलिस बल उपस्थित रहे। बता दें कि वारिसलीगंज थाना के एक अन्य कांड संख्या 110/26 में उड़ाई गई जेवरात के बिक्री का पैसा भी बरामद किया गया है।

# ब्राह्मण समाज जागरण अभियान तेज, बिहार प्रदेशीय कमिटी की नई घोषणा हुई जारी



पटना(अ नालंदा)। अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति, चाणक्य परिषद एवं भारतीय संस्कृति संरक्षण विकास परिषद की बिहार प्रांतीय कमिटी की 51 सदस्यीय प्रथम सूची रविवार को जारी की गई। प्रांत संयोजक मृत्युंजय नाथ गोपाल उर्फ मृत्युंजय गोपाल पाण्डेय ने कमिटी की घोषणा करते हुए कहा कि आज का ब्राह्मण योग, साधना और संस्कारों से दूर होता जा रहा है, जिसके कारण वह अपना वास्तविक ब्राह्मणत्व खो चुका है। उन्होंने कहा कि समाज को अपने गौरव और जिम्मेदारियों का स्मरण तो है, लेकिन कर्म और आचरण से दूरी ही वर्तमान दुर्गति का मुख्य कारण बन गई है। इसे सुधारने के लिए शीघ्र ही व्यापक जनचेतना अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि नई कमिटी समाज में खोई गरिमा, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जारी सूची में विभिन्न जिलों के शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, पूर्व सैन्य अधिकारियों एवं धार्मिक व्यक्तित्वों को शामिल किया गया है।कमिटी में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट दयाशंकर मिश्रा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जयनंदन पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. बच्चन कुमार पाण्डेय, पूर्व मुखिया नवेंदु झा, महंत स्वामी नागेंद्र दूबे दास, एलआईसी डीओ सुधीर उपाध्याय एवं मिथिलेश पाण्डेय को संगठन का संरक्षक बनाया गया है। वहीं कमल किशोर त्रिपाठी, कृष्णानंद पाण्डेय, सहदेव मिश्र, गणेश भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार हृदय नारायण झा, बलराम मिश्र एवं संजय कुमार पाण्डेय को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंजित कुमार मिश्रा, अरुण पाण्डेय, राजू पाण्डेय, स्वामी संकर्षणानंद जी महाराज, मनोज कुमार ओझा, महेश पाण्डेय, गणेश शंकर पाण्डेय एवं संतोष कुमार पाण्डेय को महामंत्री बनाया गया है।

इसके अलावा आशुतोष कुमार पाण्डेय, मुंद्रिका पाण्डेय, विकास उपाध्याय, विनय शंकर पाण्डेय एवं विवेक रंजन पाण्डेय को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर रत्नेश सलभ, बिरेंद्र दुबे, अखिलेश्वर पाण्डेय, अलख पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, गोपाल कृष्ण पाण्डेय, शंभुशरण मिश्र, शशिभूषण झा एवं धर्म प्रकाश रूद्र को दायित्व सौंपा गया है।

प्रदेश कार्यसमिति में अखिलानंद पाण्डेय, अंजनी पाठक, संतोष झा, बिरेश पाण्डेय, डॉ. गौरव कुमार राजू, निर्भय पाण्डेय, बिनोदानंद पाण्डेय, अशोक पाण्डेय एवं वरिष्ठ पत्रकार चंद्रमणि पाण्डेय सहित कई लोगों को शामिल किया गया है।

प्रांतीय संयोजक ने कहा कि सभी पदाधिकारी समाज के उत्थान और सांस्कृतिक चेतना के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# दरधा नदी बचाने को नमामि गंगे का स्वच्छता और जागरूकता महाअभियान तेज



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष अलंकृता पांडेय के निर्देश पर दरधा नदी की स्वच्छता, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर नगर परिषद जहानाबाद द्वारा विशेष सफाई एवं जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को नदी तट पर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित कर नदी क्षेत्र को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

पूर्व में भी लोगों को जागरूक करने के लिए कई अभियान चलाए गए, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं दिखा। जीवनदायिनी दरधा नदी आज कई स्थानों पर नाले का रूप ले चुकी है। नदी किनारे कूड़ा-कचरा फेंकने के साथ-साथ अतिक्रमण कर घर तक बना लिए गए हैं। शनिवार को नगर परिषद की टीम ने सफाई निरीक्षक एवं जिला परियोजना पदाधिकारी , जिला गंगा समिति नमामि गंगे अमित कुमार के नेतृत्व में कई वार्डों स्थित दरधा नदी तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान नदी किनारे प्लास्टिक, सर्जिकल व घरेलू कचरा जमा पाया गया, जिससे नदी का वातावरण प्रभावित हो रहा था। अधिकारियों ने दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में नदी किनारे कचरा फेंकने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद की टीम को नियमित सफाई एवं निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

वहीं स्थानीय युवाओं और स्काउट-गाइड की टीम भी लोगों को जागरूक करने में जुटी है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से दरधा नदी को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की है।

# कड़े निर्देशों के बाद जहानाबाद पुलिस सक्रिय, शराब माफियाओं पर लगातार कार्रवाई तेज





अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने 09 मई की रात्रि में जिले के कई थाना एवं टीओपी का औचक निरीक्षण कर पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उनके निर्देश के आलोक में जिले के सभी थानों में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अनुसंधान कार्य में तेजी लाने, अपराध नियंत्रण मजबूत करने तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने पर विशेष जोर दिया। सभी थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा कांड दैनिकी (केस डायरी) का लेखन पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अनुसंधान प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनाना है ताकि लंबित मामलों का जल्द निष्पादन हो सके।

जहानाबाद पुलिस वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से अपराधियों तक पहुंचने और हर मामले को तार्किक अंजाम तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस की सक्रियता का असर जिले में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। लगातार छापेमारी और धरपकड़ अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की इस मुहिम को लेकर आम लोगों में संतोष और सराहना का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों के बाद जिले में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत हुई है।

# सात निश्चय योजना में जहानाबाद को राज्य में दूसरा स्थान

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के मार्गदर्शन में बिहार सरकार द्वारा जारी अप्रैल 2026 की रैंकिंग रिपोर्ट में सात निश्चय पार्ट-1 एवं पार्ट-2 योजनाओं के क्रियान्वयन में जहानाबाद जिले ने पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

सात निश्चय योजना के अंतर्गत संचालित 10 योजनाओं में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में 90.2 प्रतिशत, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना में 90.8 प्रतिशत तथा कुशल युवा कार्यक्रम में 89.3 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है।

सात निश्चय पार्ट-2 के तहत संचालित "हर खेत तक सिंचाई का पानी", "हर घर नल का जल" (शहरी) के अनुरक्षण तथा "ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन–शहरी" योजनाओं में जिले ने शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की है। जिला प्रशासन ने इसे विभागीय समन्वय, लगातार मॉनिटरिंग और अधिकारियों-कर्मियों की मेहनत का परिणाम बताया है।

इसके अतिरिक्त "हर खेत तक सिंचाई का पानी", "हर घर नल का जल" तथा "ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन–ग्रामीण" योजनाओं में भी 95 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। वहीं सभी गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना योजना में 98.7 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है।

जिला प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को दिया है।

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जहानाबाद के विद्यार्थियों को मिल रही नई उड़ान

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। अलंकृता पाण्डेय के दिशा-निर्देशन में जिले में संचालित डीआरसीसी केंद्र के माध्यम से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि आर्थिक तंगी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने।

जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), जहानाबाद द्वारा विद्यार्थियों को सरल एवं सुलभ प्रक्रिया के तहत शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तहत विद्यार्थियों को ₹4 लाख तक का शिक्षा ऋण दिया जाता है, जिसका उपयोग कॉलेज शुल्क, पुस्तकें, लैपटॉप एवं अन्य शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करने में किया जा सकता है। सामान्य विद्यार्थियों के लिए ब्याज दर लगभग 4 प्रतिशत निर्धारित है, जबकि छात्राओं, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों को मात्र 1 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। पढ़ाई पूरी होने और रोजगार प्राप्ति के बाद ही ऋण चुकाने की प्रक्रिया शुरू होती है, जिससे अभिभावकों पर तत्काल आर्थिक बोझ नहीं पड़ता।इसी योजना के तहत लाभार्थी श्रुति कुमारी को पटना स्थित जे.डी. विमेन्स कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई के लिए ₹2,07,500 की सहायता राशि प्रदान की गई है। श्रुति ने अपने सपनों को साकार करने में सहयोग के लिए बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं विकाश कुमार, जो गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें ₹2,14,600 का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने भी इस योजना को विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

जिला प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को योजना की जानकारी दी जा रही है। अब जिले के कई परिवारों में यह विश्वास मजबूत हो रहा है कि प्रतिभा और मेहनत के सामने आर्थिक कठिनाई बाधा नहीं बन सकती।


हमारा प्रयास रहता है कि
अपना नालंदा
के पाठकों को बेहतरीन समाचार पढ़ने को मिले।
अपना नालंदा
सत्य, सटीक और निष्पक्ष समाचार
आप पाठकों से अनुरोध है कि
अपना बहुमूल्य सुझाव हमें भेजें,
ताकि अपना नालंदा को और बेहतर बना सकूं।
आपका सुझाव
हमें भेजें
हमारा पता है:
संपादक,
अपना नालंदा
व्हाट्सएप
9031468165


अपना नालंदा
आपका अपना हिंदी दैंनिक डिलिटर अखबार
नालंदा की
हर खबर
सबसे पहले
अब अपाका लोकेप्रिय हिंदी दैंनिक
अपना नालंदा का सभी अंक
www.apnanalanda.com
पर उपलब्ध हैं!
विश्वसनीय
स्थानीय
आपका अपना
अखबार
अपना नालंदा
ई-पेपर
12 मई 2024
सभी अंक
एक ही जगह
कहीं भी,
कभी भी
पढ़ें
डाउनलोड करें
आसानी से
पुराने अंक
खोजें आसनी से
अपना नालंदा
नालंदा: विकास की नई उड़ान
ताजा खबरें • निष्पक्ष पत्रकारिता • आपके शहर, आपकी आवाज
जुड़े रहें, अपडेट रहें!


विस्तार से खबर पढ़ने के लिए जाएं
अपना नालंदा
www.apnanalanda.com पर जाएं
NEWS
बिस्तुत खबरों के लिए आज ही बिजिट करें